

# दुआरी में ताला टूटे, लाखों के चोरी

## चोरों ने बहू-बेटियों के गहने को किया पार, लाख कैश भी उठा ले गये, गांव में दहशत



**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 21 जून। जिले के जियावन थाना क्षेत्र के ग्राम दुआरी में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और एक लाख रुपये से अधिक की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। बताया जा रहा है कि अब तक की यह सबसे बड़ी चोरी की घटना है।**

जानकारी के अनुसार ग्राम दुआरी निवासी तारकेश्वर शुक्ला के घर में देर रात करीब 12 बजे के बाद चोर घुस आए और उस समय घर के सदस्य भीतर ही मौजूद थे, लेकिन बदमाश इतनी सफाई और शातिराना तरीके से वारदात को अंजाम देकर निकल गए कि किसी को भनक तक नहीं लगी। सुबह जब परिवार के लोग जागे और घर का सामान बिखरा देखा तो उनके होश उड़ गए। परिजनों के मुताबिक चोर तीन सोने के हार, दो चैन, सात अंगूठियां, झुमके समेत बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण और एक लाख रुपये से अधिक की नकदी ले उड़े। चोरी गए गहनों में केवल परिवार की महिलाओं के ही नहीं, बल्कि बहू और विवाहित बेटियों के वर्षों की जमा पूंजी भी शामिल थी। बेटियों के विवाह के बाद सुरक्षित रखे गए जेवरात चोरी हो जाने से परिवार सदमे में है। पीड़ित शुक्ला परिवार इस घटना से बेहद दुखी है।

### दूसरे घर को निशाना बना रहे थे चोर

उधर आमजनों के बीच चर्चा रही कि घटना की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसी रात गांव के एक अन्य निवासी सुभाष चंद्र शुक्ला के घर को भी निशाना बनाने का प्रयास किया गया। हालांकि वहां चोर सफल नहीं हो सके, लेकिन एक ही रात में दो घरों पर हाथ डालने की कोशिश ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। इधर सूचना मिलते ही जियावन थाना और कुंदवार चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में सिंगरौली फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं और संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा करने की मांग की है।

### इनका कहना :-

दुआरी सरौंधा गांव में बीती रात हुई चोरी की घटना जानकारी मिलते ही एफएसएल के साथ डॉग स्क्वॉड एवं पुलिस टीम पहुंची है। जांच पड़ताल की जा रही है।
**गायत्री तिवारी**
एसडीओपी, देवसर



# इको पार्क में मंत्री एवं विधायक ने किया योगा

**सिंगरौली 21 जून (एनबीएन)।** जिले का मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रसिद्ध पर्यटन स्थल इको पार्क माड़ा में सुबह की पहली किरण के साथ परिसर योग करें, निरोग रहें और वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग के नारों से गुंजायमान हो उठा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री राधा सिंह उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में द्वय विधायक रामनिवास शाह, राजेंद्र मेश्राम, कलेक्टर गौरव बैनल और एसपी सियाज केएम, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय और भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदर लाल शाह, जिपं सीईओ जगदीश गोमे, एसडीएम माडा नंदन तिवारी सहित सिंगरौली योग फाउंडेशन के सदस्य एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# माड़ी जलाशय नहर पर चला बुलडोजर

## नहर मिटाकर सड़क निर्माण का आरोप, हर्राचंदेल के ग्रामीणों ने उठाए सवाल




**नवभारत न्यूज**
**देवसर 21 जून। जनपद पंचायत देवसर अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्राचंदेल में लगभग 30 वर्ष पुरानी माड़ी बांध जलाशय की सिंचाई नहर को क्षतिग्रस्त कर सड़क निर्माण किए जाने का मामला सामने आने से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है।**

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत स्तर पर जेसीबी मशीन लगाकर नहर के हिस्से को समतल किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की वर्षों पुरानी सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार माड़ी बांध जलाशय से निकली यह नहर आसपास के दर्जनों किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का प्रमुख माध्यम रही है। नहर के जरिए हर वर्ष खरीफ और रबी सीजन में कृषि भूमि की सिंचाई होती है। किसानों का कहना है कि यदि नहर का अस्तित्व समाप्त हो गया तो उन्हें सिंचाई के लिए गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा और खेती की लागत भी बढ़ जाएगी। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण के नाम पर नहर की संरचना को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों को इसकी जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वहीं इस मामले में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अब तक मेरे संज्ञान में नहीं आया था। यदि ऐसा है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### किसानों ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप करने की उठाई मांग

ग्रामीणों का मानना है कि विकास कार्य आवश्यक है, लेकिन इसके लिए सिंचाई के महत्वपूर्ण संसाधनों को नष्ट करना उचित नहीं है। मामले को लेकर किसानों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि नहर को मूल स्वरूप में सुरक्षित रखा जाए तथा यदि किसी स्तर पर नियमों का उल्लंघन हुआ है तो जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समाधान नहीं निकाला गया तो क्षेत्र की कृषि व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

## एक नजर में



### शासकीय महाविद्यालय देवसर में मना योग दिवस

**देवसर।** शासकीय महाविद्यालय देवसर में आज रविवार को योग दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में योग प्रशिक्षक अरविंद कुमार गुप्ता रहे, जिन्होंने योग के महत्व को बताया तथा विभिन्न योग आसन एवं योग क्रिया का अभ्यास करवाया। जिसमें महाविद्यालय के सम्पूर्ण स्टॉफ एवं छात्र/छात्राओं ने अपनी सहभागीता दी एवं योग को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य पो. जमुना प्रसाद नामदेव ने कहा की अगर निरोग रहना है तो अपने जीवन में योग को अपनाना होगा। साथ ही सभी सहभागियों का योग दिवस पर भाग लेने पर धन्यवाद ज्ञापित किया और अंत में आज के योग दिवस कार्यक्रम को सम्पन्न होने की घोषणा की।

### खोभा पुल के पास अनियंत्रित बाइक दुर्घटनाग्रस्त



**देवसर।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित खोभा पुल के पास आज रविवार की सुबह एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में बाइक चालक बेहोश हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवसर पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### योग दिवस पर योगमय हुआ रामलीला मैदान



**सिंगरौली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर आज रविवार को स्थानीय रामलीला मैदान में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वयं और समाज के लिए योग के वैश्विक संदेश को आत्मसात करते हुए सुबह की पहली किरण के साथ ही पूरा रामलीला मैदान योग साधकों के उत्साह से सराबोर नजर आया। इस वृहद आयोजन में प्रशासनिक अमले ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए आम नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अपर कलेक्टर पीएस त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर संजीव पांडेय, एसडीएम सुरेश जाधव, डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस और सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी सहित आला अधिकारियों ने अग्रिम पंक्ति में बैठकर आम जनमानस के साथ अनुशासित होकर योगाभ्यास किया।

### विस्थापित गांवों की दुर्दशा पर हुई चिंतन बैठक

**शक्तिनगर।** स्थानीय एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना के पुनर्वास गांवों की बदहाल स्थिति पर व्यापक चिंतन करते हुए उर्जांचल विस्थापित कल्याण समिति की साप्ताहिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पुनर्वास गांव आज भी बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा, सड़क, नाली एवं रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। बैठक में बताया गया कि समिति द्वारा पूर्व में परियोजना के तत्कालीन कार्यकारी निदेशक से भेंट कर गांवों के विकास कार्यों के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव सूची प्रस्तुत की गई थी, किन्तु अब तक उस पर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ऐसे में नवागत परियोजना प्रमुख से मिलकर पुन: वार्ता करने एवं लंबित विकास कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने की आवश्यकता है। बैठक में स्थानीय राजीव गांधी मार्केट के दुकानदारों की समस्याओं पर भी व्यापक चर्चा की गई।




# हिंदू समाज को संगठित, जागरूक एवं सशक्त बनाना है : डीके

## विश्व हिंदू परिषद सिंगरौली की मासिक बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 21 जून। विश्व हिंदू परिषद की मासिक बैठक आज रविवार को मिश्रा पॉलीक्लीनिक एवं नर्सिंग होम बैढ़न स्थित सभागार में श्रद्धा एवं संगठनात्मक उत्साह के साथ संपन्न हुई।**

कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हिंदू समाज के संगठन, सेवा एवं जागरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में आगामी बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा की तैयारियों, प्रखंड स्तर पर पदाधिकारियों के प्रवास, संगठन के विस्तार तथा जिला स्तर पर संचालित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की गई। साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों तक संगठन की पहुंच बढ़ाने और युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष डॉ. डीके मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्व हिंदू परिषद राष्ट्र और समाज के हित में निरंतर कार्य कर रही है। संगठन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित, जागरूक और सशक्त बनाना है। वहीं बैठक में जिला मंत्री राजू द्विवेदी ने बताया कि परिषद द्वारा वर्षभर धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा से जुड़े कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं, जिनमें कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की। बैठक के दौरान संगठन की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी रणनीतियों पर भी चर्चा हुई। विभिन्न प्रखंडों से आए पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की गतिविधियों एवं सुझावों को साझा किया।

# योग संतुलित एवं स्वस्थ जीवन जीने की संपूर्ण जीवनशैली है : प्रभा

## योग से गुंजायमान हुआ हिंडालको महान परिसर, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने लिया स्वस्थ जीवन का संकल्प



**नवभारत न्यूज**
**बरगवां 21 जून। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हिंडालको महान परिसर में उत्साह, ऊर्जा और अनुशासन के साथ सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में हिंडालको महान के अधिकारियों, कर्मचारियों, आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर योग को स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवनशैली का आधार बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में इकाई प्रमुख लिनु पंचमन, मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा, जनसंपर्क प्रमुख संजय सिंह, सीटीएस प्रमुख राकेश यादव, देबाशीष मित्रा, पवन शुक्ला, धर्मेंद्र, एबीपीएस की प्रधानाचार्या प्रतिति दास सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ मौजूद रहे। सभी ने विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास कर नियमित योग अपनाने का संदेश दिया। योग प्रशिक्षिका प्रभा वैश्य ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि तनावमुक्त, संतुलित एवं स्वस्थ जीवन जीने की संपूर्ण जीवनशैली है। वहीं इस अवसर पर इकाई प्रमुख लिनु पंचमन ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली विरासत है, जिसने आज पूरे विश्व को स्वस्थ जीवन जीने की दिशा दिखाई है।

### भाजपा मंडल स्तर पर मना योग दिवस

**सिंगरौली 21 जून (एनबीएन)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा ने मंडल स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया। मोदी सरकार के 12 साल बेमिसाल अभियान के दौरान अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ये कार्यक्रम पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में एक थे। संस्कार वैली इंटरनेशनल स्कूल में मंडल बैढ़न का योग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जहां जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह, विधायक रामनिवास शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# योग विश्व समुदाय को एक अनमोल और अद्भुत उपहार है : संजय

## विश्व योग दिवस पर एनटीपीसी रिहंद में आयु के लिए योग थीम पर हुआ आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**रिहंदनगर 21 जून। एनटीपीसी रिहंद सुपर थर्मल पावर स्टेशन में आज 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बेहद उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की मुख्य थीम आयु के लिए योग निर्धारित की गई है, जिसके तहत परिसर के कर्मचारी कल्याण केंद्र में योग शिविर का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि संजय असाटी कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख थे। इस विशेष अवसर पर योग के महत्व को समझाने और सामूहिक योगाभ्यास का सफल संचालन करने के लिए योग प्रशिक्षक को आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को विभिन्न आसनों और प्राणायाम, अनुलोम, विलोम आदि का अभ्यास कराया। वहीं मुख्य अतिथि संजय असाटी ने कहा योग विश्व समुदाय को भारत द्वारा दिया गया एक अनमोल और अद्भुत उपहार है।

### रेडक्रॉस सिंगरौली ने मनाया विश्व योग दिवस

**सिंगरौली 21 जून (एनबीएन)।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा सिंगरौली द्वारा संचालित बालिका खुला आश्रय गृह में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन डीडीआरसी भवन के प्रांगण में किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रही। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक दीपा सिंह के निर्देशन में बालिकाओं एवं उपस्थित सदस्यों ने सामूहिक रूप से योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के बारे में जानकारी दी।

# कलिंगा एनर्जी एक्सीलेंस नेशनल अवार्ड से विंध्याचल सम्मानित




**नवभारत न्यूज**
**विंध्यनगर 21 जून। एनटीपीसी विंध्याचल को ऊर्जा उत्पादन, सतत विकास तथा उत्कृष्ट परिचालन प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए मूल्यांकन के लिए प्रतिष्ठित कलिंगा एनर्जी एक्सीलेंस नेशनल अवार्ड के फाइव स्टार श्रेणी में सम्मानित किया गया है।**


यह सम्मान 11वें राष्ट्रीय पर्यावरण, ऊर्जा एवं जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के दौरान भुवनेश्वर में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से राजीव कुमारए अपर महाप्रबंधक ईई एम ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। यह पुरस्कार इंस्टीट्यूट ऑफ क्वालिटी एंड एनवायरमेंट मैनेजमेंट सर्विसेज की विशेषज्ञ निर्णायक समिति द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान एनटीपीसी विंध्याचल की उत्कृष्ट कार्यप्रणाली, उच्च परिचालन मानकों, पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता तथा ऊर्जा क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है। इस उपलब्धि पर परियोजना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।



### मायाराम महाविद्यालय के स्टाफ व छात्रों ने किया योगा

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 21 जून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मायाराम महाविद्यालय सिंगरौली परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम किए। महाविद्यालय डायरेक्टर बद्री नारायण बैस के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, डायरेक्टर ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है तथा इसे अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए।

# एनटीपीसी सिंगरौली में मना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**नवभारत न्यूज**
**शक्तिनगर 21 जून। एनटीपीसी सिंगरौली-शक्तिनगर में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग के अनुरूप बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।**

इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के आवासीय परिसर स्थित डॉ. अंबेडकर भवन में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिजनों एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रात: 6:30 बजे से 7:30 बजे तक योग प्रशिक्षक संजीव कुमार उपमहाप्रबंधक द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ई प्रभाकर राव परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग हमें यह संदेश देती है कि योग केवल व्यायाम का माध्यम नहीं, बल्कि स्वस्थ, सक्रिय एवं संतुलित जीवन जीने की एक समग्र जीवनशैली है।

### जहरीले सर्प के दंश से महिला की मौत

**सिंगरौली 21 जून (एनबीएन)।** मोरवा थाना क्षेत्र के ग्राम अजगुढ़ निवासी एक महिला को जहरीले सर्प ने तीन दिन पूर्व 18 जून की शाम को काट लिया था। आज उसकी दोपहर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार अजगुढ़ निवासी लाला सिंह गोड़ की 24 वर्षीय पत्नी रीना गोड़ मायके दुल्लापाथर गई थी, जहां 18 जून की शाम जहरीले सर्प ने काट लिया था। ट्रामा सेंटर बैढ़न में उपचार के लिए भर्ती कराया गया, बीते दिन कल छुट्टी दे दी गई थी और आज अचानक रीना की तबियत बिगड़ी, जहां आज रविवार की दोपहर मौत हो गई।

# पॉलीटेक्निक कॉलेज में एलुमनी मीट 2 .0 की तैयारियां अंतिम चरण में

## विश्वेश्वरैया प्रतिमा अनावरण, वेबसाइट व मैगजीन का होगा विमोचन, 28 जून को जुटेंगे चार दशक के पूर्व छात्र



**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 21 जून। शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज बैढ़न में 28 जून को आयोजित होने वाले एलुमनी मीट 2.0 की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।**

आयोजन समिति एवं एलुमनी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कॉलेज परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस सम्मेलन में वर्ष 1983 से लेकर वर्तमान तक के पूर्व छात्र एक मंच पर एकत्रित होंगे और अपने अनुभव, ज्ञान तथा उपलब्धियों को वर्तमान विद्यार्थियों के साथ साझा करेंगे। वर्ष 1983 में स्थापित गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक कॉलेज बैढ़न ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हजारों कुशल अभियंता और तकनीशियन तैयार किए हैं। इन्हीं पूर्व छात्रों को संगठित करने के उद्देश्य से वर्ष 2026 में एलुमनी एसोसिएशन का गठन किया गया है। संस्था का उद्देश्य कॉलेज के विकास में सहयोग, विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन, इंटर्नशिप, रोजगार सहायता, छात्रवृत्ति तथा उद्योग-संस्थान संबंधों को मजबूत करना है। एलुमनी एसोसिएशन अध्यक्ष का उद्बोधन होगा। प्राचार्य कैलाश तंतुवे संस्थान की उपलब्धियों और भावी योजनाओं पर प्रकाश डालेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में वर्ष 1983 बैच के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में एमपीयूडीसी भोपाल में प्रमुख अभियंता आनंद सिंह शामिल होंगे।